RHI MAGNESITA

# आचार संहिता

© RHI Magnesita

# Can you stand the heat?

विषय सूची


| | |
|---|---|
| प्रस्तावना | 3 |
| हमारी आचरण संहिता एक नजर में | 4 |
| नैतिक आचरण के सिद्वान्त | 5 |
| मानव एवं श्रम अधिकार | 6 |
| कार्यस्थल पर सुरक्षा | 6 |
| पर्यावरण की सुरक्षा | 7 |
| घूसखोरी और भ्रष्टाचार | 7 |
| उपहार एवं आमंत्रण | 8 |
| दान और प्रायोजन | 9 |
| हितो का टकराव | 9 |
| विश्वास विरोधी और प्रतिस्पर्धा कानून | 10 |
| व्यापार नियंत्रण विनियम | 10 |
| बाजार में दुरूपयोग और अंदर की जानकरी | 11 |
| डेटा सुरक्षा और गोपनीयता | 11 |
| जानकारी की सुरक्षा | 12 |
| बौद्विक संपदा | 12 |
| कंपनी के संसाधन | 13 |
| आंतरिक और बाहरी संचार | 13 |
| प्रयोजनीयता और कियान्वयन | 14 |
| प्रश्न और सहायता | 15 |
| रिर्पोट और शिकायतें – RHI Magnesita अनुपालन हेल्पलाईन | 16 |


## प्रस्तावना

RHI Magnesita[1] अपने कर्मठ कर्मचारियों द्वारा दी जाने वाली समर्पित सेवाओं और उत्पादों के लिए जानी जाती है लेकिन यह अकेले ही काफी नहीं है , सतत प्रगति हासिल करने के लिए हम जवाबदेह प्रबन्धन को लेकर प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य केवल संबंधित कानूनों का अनुपालन करके जोखिम में कमी लाना नहीं है बल्कि उससे भी आगे जाकर कंपनी और अपने सभी हितधारकों के लिए नैतिक रूप से उचित प्रक्रियाओं का पालन करना है । अखंडता , ईमानदारी , विश्वसनीयता के साथ ही कर्मचारियों और व्यवसायिक साझेदारों के साथ सम्मानजनक संपर्क बनाना हमारी दैनिक गतिविधियों का आधार है। हमारे ग्राहक , साझेदार , निवेशक और आम जनता हम पर जो भरोसा और विश्वास रखती है उसके लिए हमारी उपलब्धियां और हमारे मूल्य , दोनों ही आवश्यक है , जिनसे हम सफलता की ओर अग्रसर होते है।

इस आचार संहिता का लक्ष्य हमारे मूल्यों और दृष्टिकोण के बारे में जानकारी देना है , जिसके परिणामस्वरूप , कानूनी और नैतिक रूप से मूलभूत नियमों की जानकारी देना है , जो हम सभी के लिए बिना प्रमाण स्पष्ट होने चाहिए। हमारा लक्ष्य यह है कि हम अपने दैनिक कार्य में इन मूल्यों और नियमों का पालन करें , इन्हें अंगीकृत करें और इन्हें लागू करें।

RHI Magnesita की कार्यकारी प्रबन्धन टीम , इस आचार संहिता का पूरा अनुमोदन करते हैं और अपने हस्ताक्षर और अपनी कार्यवाहियों के माध्यम से इसके मूल्यों और  दृष्टिकोणों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते है। हम आशा करते है कि कम्पनी के कर्मचारी और प्रबन्धक आचार संहिता का अनुसरण करेगें। इसी तरह हम अपने व्यवसायिक साझेदारों से भी अपेक्षा करते है और उन्हें कारपोरेट जिम्मेदारी और अनुपालन के ऐसे ही उच्च मानक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते है।

Stefan Borgas
**Chief Executive Officer**

Octavio Pereira Lopes
**Chief Financial Officer**

Gerd Schubert
**Chief Operations Officer**

Reinhold Steiner
**Chief Sales Officer**

Luis R. Mariani Bittencourt
**Chief Technology Officer**

Thomas Jakowiak
**Executive VP Integration Mgmt.**

Luiz Rossato
**Executive VP Corporate Development**

Simone Oremovic
**Executive VP People & Culture Mgmt.**

[1] आरएचआई मैगनेसिता का नाम आरएचआई मैगनेसिता है एनवी और सभी समूह कंपनियों के लिए

# हमारी आचरण संहिता एक नजर में

- हम सम्मान और प्रोत्साहन ईमानदारी और अखंडता , विश्वसनीयता और उत्तरदायित्व के साथ किए जाने वाले नैतिक व्यवसाय पर कायम रहते है
- हम व्यवसाय को निजी हितों से अलग रखते है और हितों के किसी भी टकराव से बचते है।
- हम मानव एवं नागरिक अधिकारों अर्न्तराष्ट्रीय मानकों के साथ ही उन देशों के श्रम कानूनों और सामाजिक कानूनों का पूर्णतया पालन करते है जंहा हम व्यवसाय संचालित करते है।
- हम प्रतिद्वंदी विश्वास और प्रतिस्पर्धा कानूनों के पूर्ण अनुपालन में नियमानुकूल प्रतिस्पर्धा और एकीकृत व्यवसायिक आचरण के लिए प्रतिबद्ध है।
- हम सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण को अपने कर्मचारियों का मूलभूत अधिकार मानते है।
- हम आपराधिक एवं आतंकवादी गतिविधियों के विरूद्ध संघर्ष का समर्थन करते है और सभी लागू व्यापार नियंत्रण एवं हवाला कारोबार विरोधी नियमों का अनुपालन करते है।
- हम पर्यावरण की सुरक्षा और टिकाऊ प्रबन्धन में सक्रिय रूप से सहभागिता करते है।
- हम वित्तीय बाजारों की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए भेदिया व्यापार और बाजार के दुरूपयोग के अन्य प्रारूपों से बचते है।
- हम सही और उचित व्यवसाय करते है भ्रष्ट आचरण के लिए शून्य सहिष्णुता रखते है।
- हम निजता के अधिकार एवं अन्य डेटा सुरक्षा सिद्धांतों का सम्मान करते है और केवल सीमित उद्देश्यों के लिए ही निजी डेटा संसाधित करते है।
- उपहार और आमंत्रण व्यवसायिक साझेदारों के लिए प्रोत्साहन एवं सम्मान की अभिव्यक्ति हो सकते है लेकिन हम अनुचित प्रभाव के किसी भी दुर्व्यवहार को सहन नहीं करते है।
- हम बौद्धिक संपदा , व्यापार रहस्यों ओर कॉपीराइट का सम्मान और उनकी सुरक्षा करते है और ऐसी संपदाओं का उपयोग की निर्देशित शर्तो के अनुसार ही करते है।
- हम जंहा व्यवसाय का संचालन करते है वंहा के क्षेत्रीय समुदायों के उत्थान में योगदान देकर या प्रायोजन के द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते है।
- कम्पनी और उसके संसाधनों को चोरी और धोखा से बचाना और वित्तीय एवं अन्य प्रतिवेदनों में सत्य एवं निष्पक्ष प्रस्तुतिकरण देना हमारा कर्त्तव्य है।
- हम प्रयुक्त प्रारूप और माध्यम पर ध्यान दिए बिना , ईमानदारी और सम्मानजनक तरीके से आंतरित और बाह्य संचार करते है।
- हम इस आचार संहिता के साथ ही प्रचलित कानूनों अथावा आंतरिक विनियमों के उल्लघन पर अपनी आवाज उठाते है और किसी भी कदाचरण को रोकते है।



# नैतिक आचरण के सिद्धांत

कॉरपोरेट गतिविधि से संपूर्ण परिवेश प्रभावित होता है और इसीलिए नैतिक रूप से ऐसे प्रासंगिक आधार के स्थाई परिवर्तन की आवश्यकता होती है जो कानूनी अनुपालन से आगे रहे। अपने प्रबन्धकों , कर्मचारियों और अनुबंधित कर्मियों से हम चाहते है कि वे सम्मान और प्रोत्साहन , ईमानदारी और अखंडता , विश्वसनीयता और उत्तरदायित्व के साथ हमारा व्यवसाय करें।

जिन देशों में हम व्यवसाय का संचालन करते है वंहा लागू कानूनों का पूर्णतया अनुपालन करना निशचित ही महत्वपूर्ण विषय है और इसके बारे में कहने की आवश्यकता नहीं है। RHI Magnesita, संयुक्त राष्ट्र वैशविक प्रभाव के सिद्धांतों और जिन दस्तावेजों पर वह आधारित है जैसे कि कार्यस्थल में बुनियादी सिद्धांतों एवं अधिकारों ILO के घोषणापत्र पर्यावरण एवं विकास पर रियों के घोषणापत्र भ्रष्टाचार के विरूद्ध संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन या संयुक्त वैशविक , मानवधिकार घोषणापत्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हम आपूर्ति श्रृंखला में अपने व्यवसायिक साझेदारों से भी यही अपेक्षा करते है।



# मानव एवं श्रम अधिकार

RHI Magnesita में , हमारा दृढ विश्वास है कि मानव एवं नागरिक अधिकारों का पूरा सम्मान करना न केवल सम्पूर्ण समाज के लिए बल्कि कारॅपोरेट जीवन में भी परम आधार होना चाहिए। हम मानव तस्करी , बलपूर्वक अनिवार्य या बाल श्रम , जाति , रंग , क्षेत्र , लिंग , आयु , मूल , राष्ट्रीयता, अक्षमता , यौन अभिविनियम अथवा किसी भी अन्य आधार पर आधारित भेदभाव किसी भी प्रकार के (यौन) उत्पीडन , अपमान , गुस्से पीडाकारक या अनुचित व्यवहारों को अस्वीकार करते है और हम उन्हें सहन नहीं करते है।

हम रोजगार संबंधी सभी निर्णयों जैसें की भर्ती , पदोन्नति , प्रशिक्षण एवं विकास , क्षतिपूर्ति और रोजगार की प्राप्ति में समान अवसर देना और उनके लिए उचित व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध है , और हमसे स्थानीय कानूनों के अनुसार सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार की मान्यता और संगठित होने की स्वतंत्रता के साथ ही लागू श्रम कानूनों एवम सामाजिक कानूनों का अनुपालन करते है।

# कार्यस्थल पर सुरक्षा

RHI Magnesita में हम स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को न केवल कानूनी कर्तव्य मानते है , बल्कि अपनी कॉरपोरेट संस्कृति का एक आंतरिक भाग भी मानते है स्वस्थ, प्रसन्न प्रेरित और प्रतिबद्ध कर्मचारी हमारे व्यवसाय की दीर्घकालीन सफलता के सबसे महत्वपूर्ण संसाधन है।

हमने दुनियाभर में फैले अपने सभी संसाधनों में व्यापक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नीतियां और कार्यविधियों के साथ ही नियमित निरीक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यान्वित किए है । उन आवश्यकताओं का अनुपालन करना हमारे कर्मचारियों के सम्पूर्ण हित में है और हमारी कम्पनी के लिए स्पष्ट है।

हमारे प्रबन्धकों को एक विशिष्ट उत्तरदायित्व पर ध्यान देना होता है लेकिन कृप्या सजग रहे कि प्रत्येक कर्मचारी को व्यवसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के क्रियान्वयन के उत्तरदायित्व का अपना भाग वहन करना आवश्यक है।

किसी (उत्पादन) स्थान पर दुर्घटना या आपात स्थिति होने पर व्यक्तिगत चोट लगने , पर्यावरण या साख संपत्ति को क्षति पहुंचने का जोखिम होता है और इससे कम्पनी की साख को नुकसान हो सकता है , खासकर जब कोई उचित प्रतिउत्तर न मिले।

हमारे कार्य स्थल पर प्रबन्धक हमारी वैश्विक और स्थानीय आपदा एवं आपातकालीन प्रक्रियाओं के अनुसार घटना पर उपयुक्त और तुरंत प्रति उत्तर के लिए उत्तरदायी होते है वे यह भी सुनिश्चित करते है कि सभी प्रासंगिक व्यक्ति इन प्रक्रियाओं से अवगत है और उन्हें समय पर प्रशिक्षण मिलता है।



# पर्यावरण की सुरक्षा

RHI Magnesita में पर्यावरणीय प्रभाव से संबंधित अन्य कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन करना एक महत्वपूर्ण विषय है चूंकि दुर्दमय् उत्पादों में स्वाभाविक रूप से तीव्र ऊर्जा निकलती है और उससे उत्सर्जन होता है फिर भी हम पर्यावरण संरक्षण और स्थाई प्रबन्धन में सक्रिय रूप से संलग्न होने के लिए बाध्य महसूस करते है। हम ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों के संबंध में यथासंभव परंपरागत रूप से बेहतरीन प्रयास करते है और हम नए उत्पादों के विकास और मौजूदा उत्पादों को बेहतर बनाने की प्रक्रिया में अवशिष्ट सामग्री के रिसाइक्लिंग के पहलू पर विशेष ध्यान देते है।

आंतरिक एवं बाहरी विशेषज्ञों के वैश्विक सहयोग के द्वारा हमारी नियमित समीक्षाओं और आकलनों के अधीन , कच्चे माल और योजकों का उपयोग पारिस्थितिक मानदंड के अनुसार किया जाता है और उनके संभावित पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम किया जाता है जो कि हमारी सतत बेहतर करने की प्रक्रिया का भाग है जो कि नियमित आकलन तथा पुनर्विलोकन का विषय है।

# घूसखोरी और भ्रष्टाचार

RHI Magnesita सही और उचित व्यवसायिक आचरण पर दृढ रहता है ओर केवल अपने कर्मियों की विशेषज्ञता और अपने उत्पादों तथा सेवाओं की गुणवत्ता पर ही सफलता प्राप्त करता है इसलिए यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि हम रिश्वत या भ्रष्ट्राचार को किसी भी रूप में सहन नहीं करते है और यह कि हम सभी लागू कानूनों और विनियमों का पालन करते है , विशेषकर यूके रिश्वत अधिनियम और अमेरिकी विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम लेकिन ये इन्ही तक सीमित नहीं है।

रिश्वत में न केवल नकद भुगतान बल्कि अनेकों प्रकार शमिल होते है , उदाहरण के लिए नकली खातों या शेल कंपनियों में धन स्थानांतरित करना , काल्पनिक या अत्याधिक बढाए गए बिलों का भुगतान करना , महंगी छूट या कमीशन प्रदान करना , मूल्यवान उपहार और उदार निमंत्रण देना , निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराना या नौकरी के प्रस्ताव देने की व्यवस्था करना।

हमारे सभी कर्मचारियों , अनुबंधकर्ताओं RHI Magnesita की ओर से कार्य करने वाले अन्य कर्मियों के लिए कोई भी गैर कानूनी प्रतिफल प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी लाभ का प्रस्ताव देना , वादा करना या प्रदान करना सख्त प्रतिबंधित है इसी किसी गैरकानूनी प्रतिफल के प्रावधान के लिए स्वयं के वास्ते या किसी तृतीय पक्ष के लिए लाभ की मांग करना या उसे स्वीकार करना प्रतिबंधित है यंहा तक कि किसी भी अनुचित प्रभाव के प्रदर्शन मात्र से भी बचा जाना चाहिए।

रिश्वत का अपराध केवल राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों या कुछ देशों तक ही सीमित नहीं है बल्कि वह निजी क्षेत्र के और विश्व भर के सभी देशों के व्यवसायिक साझेदारों पर भी लागू होता है , भले ही वह प्रत्यक्ष रूप से नहीं , बल्कि तृतीय–पक्ष मध्यसथों के माध्यम से किया गया हो।

इस प्रतिबंध में कथित सुविधाओं के भुगतान भी शामिल है भले ही कुछ क्षेत्राधिकारों के अंतर्गत उनकी अनुमति हो सकती है ये आमतौर पर किसी नियमित सरकारी कार्यवाही को गति देने या उसे सुरक्षित करने के लिए दी जाने वाली छोटी–छोटी राशियां होती है। उदाहरण के लिए परमिट या लाइसेंस प्राप्त करना , सरकारी कागज जैसे कि वीजा और कार्य आदेश संसाधित करना , फोन , ऊर्जा एवं जल सेवा उपलब्ध कराना , पुलिस सुरक्षा या इसी प्रकृति की अन्य कार्यवाहियां।

# उपहार एवं आमंत्रण

व्यवसायिक समुदाय में प्रोत्साहन एवं व्यावसायिक साझेदारों के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति के रूप में आमतौर पर स्वीकार किए जाने वाले प्रतीकमात्र मूल्य के उपहार या सत्कार की यथोचित सीमा में वितरित या स्वीकार किए जाने वाले आमंत्रणों को आपत्तिजनक नहीं माना जा सकता है पर वे हमारे कॉरपोरेट मूल्यों के अधीन हो सकते है।

प्रतीक–मात्र मूल्य से अधिक के आमंत्रणों और उपहारों के लिए अनुपालन अधिकारी की अग्रिम स्वीकृति आवश्यक है भले ही उन्हें दिया जाना हो या स्वीकार किया जाना हो।

कई क्षेत्रों में सरकारी अधिकारियों और संघीय , क्षेत्रीय या स्थानीय प्राधिकरणों के कर्मचारियों अथवा सरकारी–क्षेत्र के संसाधनों के कर्मचारियों पर सख्त नियम लागू होते है ऐसी स्थिति में हम अग्रिम रूप से यथार्थता को सुनिश्चित करते है और संदेह होने पर कोई भी लाभ प्रदान करने से बचते है।

किसी भी स्थिति में ऐसे आमंत्रण या उपहार प्रतिबंधित है जिनका व्यावसायिक निर्णयों या आधिकारिक कार्यवाहियों पर प्रभाव पड सकता है जैसे कि कोई ठेका सरकारी अनुमति जारी करना , या जिसे भेदभावपूर्ण अथवा गैर ख्यातियोग्य माना जा सकता है या जिससे अन्यथा बेईमानी या नैतिक झुकाव की झलक मिलती है चाहे उन्हें सक्रिय रूप से दिया गया हो या निष्क्रिय रूप से स्वीकार किया गया हो।





# दान और प्रायोजन

RHI Magnesita कंपनियों के विलय से बना है जिनमें से कुछ की परम्परा 100 वर्षो से अधिक पुरानी है और उनमें उनके कार्य स्थल के सामाजिक परिवेश की गहरी पैठ रही है इसलिए RHI Magnesita माननीय सांस्कृतिक खेलकूद या वैज्ञानिक संस्थाओं के स्वैच्छिक समर्थन के द्वारा उन क्षेत्रीय समुदायों में सामाजिक उत्तरदायित्व का उपर्युक्त भाग साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है। RHI Magnesita इन सामाजिक योगदानों के लिए प्रतिबद्ध है जिन्हें हम अपनी कॉरपोरेट संस्कृति का भाग मानते है।

दान और प्रायोजनों के साथ ही स्वैच्छिक लाभ हमारी व्यवसायिक गतिविधियों से अलग रहकर किए जाने चाहिए। जिनका किसी व्यवसायिक लेन–देन और दान या प्रायोजन के लाभार्थियों के बीच कोई सहसंबंध नहीं होना चाहिए।

दान स्वैच्छिक रूप से बिना किसी स्वार्थ और बिना किसी प्रतिफल के दिए जाने चाहिए वहीं दूसरी और प्रायोजन विपणन और सार्वजनिक गतिविधियों के लिए प्रायोजन , प्रायोजित व्यक्ति या संगठन का शोषण  करने के अधिकार के बदले में किया जाता है दोनों ही मामलों में धन के आवंटन के लिए हमारी आंतरिक प्रक्रियाओं के अनुसार उचित स्वीकृति और पारदर्शी दस्तावेज होना आवश्यक है।

राजनीतिक संगठनों या व्यक्तियों प्राधिकरणों एवं नागरिक सेवकों को या RHI Magnesita के मूल्यों का अनुपालन नहीं करने वाले संगठनों को किए जाने वाले योगदानों की अनुमति नहीं है ऐसे योगदान सख्त प्रतिबंधित है जिनका उपयोग किसी व्यवसायिक या सरकारी निर्णय को प्रभावित करने या किसी भी लागू कानून का अन्यथा उल्लघंन करने के लिए किया जा सकता है।

# हितों का टकराव

हम जो भी व्यवसायिक निर्णय लेते है और उसकी जो परिणामी क्रिया होती हे उसमें कंपनी के हित शामिल होना चाहिए ओर उस पर हमारे व्यक्तिगत हितों या संबंधों का प्रभाव नहीं होना चाहिए। इसीलिए हम शुरूआत में ही समझौता करने वाले परिस्थितियों से बचते है।

सहायक गतिविधियाँ की अनुमति नहीं है यदि उनके कारण RHI Magnesita से हितों का टकराव होता है या प्रतिस्पर्धा परिस्थिति बनती है या RHI Magnesita में कार्य क्षमता प्रभावित होती है इसमें किसी अन्य नियोक्ता के यंहा नौकरी , स्वयं–रोजगार के साथ ही स्वैच्छिक सेवाएं तथा अन्य अवैतनिक गतिविधियां भी शामिल है।

RHI Magnesita के कर्मचारियों को अपनी स्वयं की कंपनी चलाने किसी अन्य कम्पनी के बोर्ड में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हित रखने , किसी कार्यकारी पद पर रहने की अनुमति नहीं है जिसका RHI Magnesita के साथ कोई व्यवसायिक या प्रतिस्पर्धी संबंध हो।

RHI Magnesita के बोर्ड या कार्यकारी प्रबन्धन टीम के सदस्यों के रिश्तेदारों को RHI Magnesita में नियोजन नहीं दिया जाएगा। कर्मचारियों के रिश्तेदारों को किसी ऐसी संगठनात्मक स्थिति में नौकरी नहीं दी जाएगी जिससे कोई पदानुक्रमिक या वास्तविक निर्भरता या शामिल व्यक्तियों के बीच अधीनता निर्मित होती हो।

उपरोक्त उल्लेखित नियमों में छूट असाधारण परिस्थितियों में ही दी जा सकती है और उसके लिए अनुपालन अधिकारी की अग्रिम स्वीकृति की आवश्यकता होगी।

# विश्वास विरोधी और प्रतिस्पर्धा कानून

राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विनियम सुनिश्चित करते है कि बाजारों में उचित प्रतिस्पर्धा हो और कोई भी प्रतिभागी किसी भी अनुबंध या आपसी समझदारी से प्रतिस्पर्धायों से कोई अनुचित लाभ प्राप्त न करें।

RHI Magnesita उचित प्रतिस्पर्धा करने और अखंडता के साथ व्यवसाय संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है हम सभी प्रासंगिक क्षेत्रों में लागू विश्वास विरोधी और प्रतिस्पर्धा कानूनों का अनुपालन करते है जैसे कि बिक्री एवं विपणन , खरीदारी , उत्पादन अथवा शोध एवं विकास।

इसलिए प्रतिस्पर्धा को कम करने या उसे बाधित करने वाली कोई भी गतिविधि प्रतिबंधित है इसमें यह शामिल है लेकिन

- प्रतिस्पर्धायों के साथ मूल्यों , नियमों और शर्तो उत्पाद अथवा बिक्री की लागतों और मात्राओं , बिक्री राजनीतियों , ग्राहकों या बाजारों के विभाजन , उत्पादों एवं सेवाओं के गैर प्रावधान को लेकर उनसे अनुबंध करना , उचित व्यवहार करना या जानकारी का आदान–प्रदान करने।
- काल्पनिक प्रस्तावों का प्रावधान करना , ग्राहकों या आपूतिकर्ताओं के बीच भेदभाव करना , औद्योगिक जासूसी , चोरी छिपकर बातें सुनने , या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के माध्यम से प्रतिस्पर्धी की जानकारी प्राप्त करना , या प्रतिस्पधियों के बारे में जान–बूझकर गलत जानकारी फैलाना।
- पुनविक्रिताओं के साथ पुनबिर्क्री मूल्य या रणनीतियां और विशिष्ट व्यवस्थाओं के निश्चित प्रारूपों को लेकर निर्धारण करने तक सीमित नही है।

# व्यापार नियंत्रण विनियम

न केवल कोई देश बल्कि सयुंक्त राष्ट् या यूरोपीय समुदाय जैसी सुपर नेशनल इकाईयों ने भी आतंकवाद , मानवाधिकारों के उल्लंघन, मानव एवं दवा की तस्करी , संगठित अपराध एवं हवाला कारोबार के विरूद्ध कानून और नियम बनाए है वे देशों , संगठनों , कंपनियों और व्यक्तियों के विरूद्ध अनेकों प्रतिबंध और प्रतिरोध लागू करते है , विशिष्ट सामान और तकनीकों के लिए आयात और निर्यात प्रतिबंध लागू करते है साथ ही साथ निश्चित सेवाओं और वित्तीय लेन–देनों को प्रतिबंधित करते है।

RHI Magnesita सभी लागू व्यापार एवं हवाला कारोबार विरोधी विनियमों का पालन करता है हमारी जानकारी के अनुसार हम केवल उन व्यवसायिक साझेदारों से संबंध बनाए रखते है जिनकी धनराशि ख्याति–योग्य है और कानूनी स्त्रोतों से आती है और जो किसी भी आपराधिक या आतंकी गतिविधियों का समर्थन नहीं करते है।

अपने कर्तव्यों का अनुपालन करने के लिए हम अपने व्यवसायिक साझेदारों की पहचान करने व उनका मूल्याकंन करने ओर उनकी कानूनी पृष्ठभूमि जानने , तथा यह निर्धारित करने के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं को लागू करते है कि उनके साथ कोई विशिष्ट लेन–देन करना स्वीकार्य है या नहीं।



# बाजार में दुरूपयोग और अंदर की जानकारी

RHI Magnesita N.V. लंदन स्टॉक एक्सचेंज के प्रीमियम सेगमेंट में सूचीबद्ध कंपनी है जिसके परिणास्वरूप उसके कर्मचारियों ओर उसकी ओर से कार्य करने वाले अन्य व्यक्तियों पर विस्तृत विनियम लागू होते है ताकि बाजार के दुरूपयोग को रोका जा सके , वित्तीय बाजारों की अखंडता सुनिश्चित हो सकें , और उन बाजारों में निवेशक की सुरक्षा और विश्वास को बेहतर बनाया जा सकें।

आंतरिक जानकारी ऐसी सटीक प्रकृति वाली जानकारी होती है जिसे सार्वजनिक नहीं किया गया है जो उसके जारीकर्ता या उसके वित्तीय साधनों से या उससे जुडी उत्सर्जन स्वीकृतियों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित नहीं है और जिसका मूल्यों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड सकता है आंतरिकत व्यवहार में सलंग्न होने और आंतरिक जानकारी को गैरकानूनी तरीके से प्रकट करने से दूसरी बातों के साथ ही आंतरिक जानकारी का दुरूपयोग होता है और सख्त प्रतिबंधित है।

RHI Magnesita की आतंरिक जानकारी तथा उससे जुडी अन्य गैर–सार्वजनिक जानकारी या उसके वित्तीय साधनों को अत्यंत गोपनीय माना जाना चाहिए और उपयुक्त संगठनात्मक उपायों के माध्यम से उनकी सुरक्षा की जानी चाहिए। उसे तभी प्रकट किया जा सकता है जबकि सबंधित विनियमों में बताई गई विशिष्ट शर्तो का पालन किया गया हो।

इस विषय पर विस्तृत जानकारी अलग नीतियों और दिशानिदेर्शों में दी गई है जो सभी कर्मचारियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों को उपलब्ध कराई जाएगी।

# डेटा सुरक्षा और गोपनीयता

हमारी व्यवसायिक प्रक्रिया को सक्षम बनाने और संबंधित कर्तव्यों की पूर्ति के लिए RHI Magnesita को न केवल व्यवसायिक डेटा बल्कि व्यक्तियों , विशेष रूप से हमारे कर्मचारियों से संबंधित बल्कि अन्य ऐसे व्यक्तियों से संबंधित व्यवसायिक डेटा को संसाधित करने की आवश्यकता होती है जो हमारे साथ काम करते है।

हम EU जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (GDPR) में रेखांकित किए गए गोपनीयता के अधिकार और अन्य डेटा सुरक्षा सिंद्धातों का पालन करते है और व्यक्तिगत डेटा को कानून के अनुसार निष्पक्ष रूप से पारदर्शी तरीके से ओर केवल वैधानिक और सीमित उद्देश्यों के लिए संसाधित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

GDPR ओर लागू सभी स्थानीय गोपनीयता और डेटा सुरक्षा विनियमों का अनुपालन करते है विशेष रूप से हम यह सुनिश्चित करते है कि व्यक्तिगत डेटा का एकत्रीकरण , संसाधन ओर उपयोग कानूनी रूप से अनुमति और परिचालनात्मक रूप से आवश्यक कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत किया जाये और ऐसे डेटा के अनाधिकृत प्रकटीकरण उपयोग या संशोधन रखा जाएगा।

इस चिंता के लिए यह आवश्यक है कि सभी कर्मचारी जानकारी IT सिस्टम को विवेकपूर्ण रूप से और सावधानीपूर्वक नियंत्रित करें लापरवाही नियंत्रण (हैडलिंग) से हमारी कंपनी हमारे कर्मचारियों या तृतीय पक्षों को महत्वपूर्ण क्षति हो सकती है।

# जानकारी की सुरक्षा

जानकारी दैनिक परिचालनों में और प्रतिस्पर्धा में सफलता का अत्यावश्यक तत्व है। आधुनिक सूचना प्रणालियों कार्यक्षम और पेशेवर कार्य को सक्षम बनाती है हालांकि , इसमें डेटा सुरक्षा और गोपनीयता का जोखिम भी है व्यक्तिगत ओर व्यवसाय से संबंधित डेटा की सुरक्षा और हमारी सूचना और संचार सिस्टमों की कार्यात्मकता ओर समेकता हमारी मूल प्राथमिकता पर है।

RHI Magnesita के साथ कार्य करने के संदर्भ में बनाया गया , संग्रहित किया गया , भेजा गया या प्राप्त किया गया सभी डेटा और जानकारी कंपनी की है और उसे निजी डेटा या संचार नहीं माना जाएगा। ऐसे सभी भौतिक और इलेक्टॉनिक डेटा और जानकारी को लेबल किया जाना चाहिए और उससे सूचना वर्गीकरण नीति के अनुसार व्यवहार किया जाना चाहिए। यदि इसे अन्यथा स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट नहीं किया गया हो तो सभी जानकारी को केवल आंतरिक उपयोग के लिए माना जाता है और इसे तृतीय पक्षों को प्रकट नहीं किया जाना चाहिए। गोपनीयता का दायित्व RHI Magnesita का नियोजन समाप्त होने के बाद भी बना रहता है।

RHI Magnesita के व्यवसायिक भागीदारों, परामर्शदाताओं और पूर्व कर्मचारियों को इस संदर्भ में बाहरी व्यक्ति माना जाना चाहिए। उन्हें कोई भी आंतरिक या गोपनीय जानकारी प्राप्त नहीं हो सकती है। यदि उन्हें ऐसी जानकारी की आवश्यकता RHI Magnesita की ओर से अपने कर्तव्यों की पूर्ति के लिए होती है तो ऐसी जानकारी उन्हें उपलब्ध करने के पहले लागू नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार औपचारिक प्रमाणीकरण ओर गोपनीयता अनुबंध प्राप्त किया जाना चाहिए।

# बौद्धिक संपदा

RHI Magnesita और उनके कर्मचारी बौद्धिक संपदा और कॉपीराइट का सम्मान और सुरक्षा करते है हम ऐसी संपत्तियों का उपयोग , उपयोग की निर्दिष्ट शर्तों के तहत ही करते है और उनके लागू कानूनों और लाइसेंस शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए व्यवहार करते है , यह उस जानकारी पर भी लागू होता है जो ग्राहकों , आपूर्तिकर्ताओं या अन्य व्यवसायिक भागीदारों द्वारा RHI Magnesita को दी गई हो।

RHI Magnesita अपने कम्प्यूटर पर केवल ऐसे सॉफ्टवेयर की अनुमति देता है जो कंपनी के लिए उचित रूप से स्वीकृत हो और जिसे वाणिज्यिक उपयोग के लिए उचित रूप से लाइसेंसीकृत किया गया हो। हम स्वीकृत क्षेत्र के बाहर सॉफ्टवेयर या अन्य कॉपीराइट सामग्री की प्रतिलिपि बनाने , डाउनलोड करने या उसका वितरण करने को सहन नहीं करते है तथाकथित ''फ्रीवेयर'' या '' शेयरवेयर'' जैसे कि ऐसे प्रोग्राम ओर फाइलें जो इंटरनेटर पर निशुल्क उपलब्ध होती है के उपयोग की सामान्यतः अनुमति नहीं है।

अधिकांश सूचनाएं जैसे पुस्तकें , मैगजीन , वेबसाइट , संगीत या वीडियों रिकॉर्डिंग इत्यादि आमतौर पर कॉपीराइट के अधीन होती है और अनाधिकृत उपयोग से सुरक्षित होती है जब तक लेखक , प्रकाशक या अन्य कानूनी स्वामी , द्वारा रूप से अनुमति नहीं दी जाए तक तक पुनरूत्पादन , वितरण या इलेक्ट्रानिक भंडारण प्रतिबंधित है।



# कंपनी के संसाधन

कंपनी और उसके संसाधनों को आंतरिक और बाहरी खतरों जैसे चोरी और धोखाधडी से बचाने का और वित्तीय विवरणों और अन्य रिपोर्ट में सही और निष्पक्ष प्रदर्शन सुनिश्चित करने का दायित्व हमारे सभी प्रबंधकों और कर्मचारियों का है।

कम्पनी के संसाधनों का उपयोग व्यवसाय से संबंधित कार्यो के लिए निर्दिष्ट है। कम्पनी द्वारा प्रदान किए जाने वाले सभी टूल और अन्य संसाधनों का उपयोग ध्यानपूर्वक संरक्षित रूप से और लागत बचत के तरीके से किया जाएगा।

RHI Magnesita यह स्वीकार करता है कि कर्मचारी कभी कभी कंपनी के उपकरण या संचार डिवाइसेस का उपयोग निजी उद्देश्यों के लिए कर सकते है। यह आमतौर पर सहन किया जाता है बशर्ते कि इनका उपयोग अवधि में सीमित और कार्यक्षेत्र में सीमित हो , इससे कार्य प्रदर्शन पर या परिणाम पर महत्वपूर्ण रूप से विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो या जंहा तक कि केन्द्रीय संसाधनों पर भार नही पडे या कंपनी की लागत में महत्वपूर्ण वृद्धि नहीं हो और इससे कंपनी की संगत नीतियों का उल्लंघन नहीं हों।

RHI Magnesita कम्प्यूटर , सॉफ्टवेयर , मेल–इंटरनेट , इंस्टंट मैसेजिंग , टेक्स्ट मैसेजिंग , वॉइस मेल सहित , कॉन्फ्रेंस उपकरण मोबाइल फोन आपूर्तिकर्ता इत्यादि कार्य के और संचार के उपकरणों के उपयोग को लागू कानूनों और मौजूदा श्रम अनुबंधों के अनुसार प्रतिबंधित करता है या उनकी निगरानी करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

# आंतरिक और बाहरी संचार

RHI Magnesita आंतरिक और बाहरी संचारों के सभी स्वरूपों में उसे स्वरूप और प्रयुक्त मीडिया पर ध्यान दिए बिना ईमानदारी और सम्मानजनक व्यवहार की मांग करता है । हम किसी भी प्रकार की आक्रामक सामग्री , पक्षपातपूर्ण या परेशान करने वाला टेक्स्ट या चित्र , आयु , अक्षमता , नस्ली मूल , वैवाहिक स्थिति , राष्ट्रीय मूल , रंग , धर्म , लिंग या लैगिंक अभिविन्यास , नग्नता , आपराधिक या आतंकी सामग्री , राजनीतिक उन्माद या श्रृखंला पत्र , धमकी भरे मेल या स्पैम सहित अन्य किसी प्रकार की संदिग्ध सामग्री के अपमानजनक संदर्भो को सहन नहीं करते है । यह व्यक्तिगत सहभागिता , लिखित या इलेक्ट्रॉनिक संचार और साथ ही इंटरनेट प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया के सभी स्वरूपों पर लागू होता है। कंपनी के स्वामित्व वाले उपकरण या संचार लाइनों के माध्यम से उपरोक्त सूचीबद्ध सामग्री वाले इंटरनेट पेज को कॉल करना भी स्वीकार्य नहीं है।

कंपनी का बहारी प्रस्तुतिकरण इसके नियामक निकायों और अधिकृत कार्यात्मकता , बोर्ड , कार्यकारी प्रबन्धन टीम , कॉरपोरेट संचार और निवेशकर्ता संबंधी तक ही आरक्षित है। पेशेवर आलेख और व्याख्यान प्रकाशित करने की आमतौर पर अनुमति है। लेकिन इसकी रिपोर्ट कॉरपोरेट संचार को की जानी चाहिए यदि उनका संबंध RHI Magnesita के रोजगार से संबंधित है।

परिसीमन रहित रूप से सोशल मीडिया पोस्टिंग सहित हमारे सभी कर्मचारियों की सभी निजी गतिविधियाँ , कंपनी की गतिविधियाँ से स्पष्ट रूप से पृथक होगी और उनसे RHI Magnesita की प्रतिष्ठा को क्षति नहीं पहुँचनी चाहिए।

# प्रयोजनीयता और क्रियान्वयन

यह आचार संहिता RHI Magnesita के विश्वभर के सभी कर्मचारियों ओर कार्यकारियों पर उनके पदानुक्रमित पदों या रोजगार के प्रकार पर ध्यान दिए बिना लागू होती हैं ।

यह नैतिक व्यवहार के सबसे महत्वपूर्ण सि़द्धांतों को सरंक्षित करता है सभी या केवल विशेष व्यवसायिक इकाईयां या भौगोलिक क्षेत्रों पर लागू होने वाले ओर अधिक विवरण और विशिष्ट विनियम अलग नीतियों , प्रक्रिया विवरण या दिशानिर्देशों में शामिल किए गए है ऐसे दस्तावेज समेकित होगें और वे इस आचार संहिता के साथ बाध्यकारी होगें।

इस आधार संहिता या अन्य आंतरिक नीतियों के गैर–अनुपालन के परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक या यहा तक कि कानूनी कार्यवाही भी हो सकती है। RHI Magnesita किसी भी गैर कानूनी व्यवहार को सहन नहीं करेगा और उल्लंघन के किसी प्रयास पर लागू श्रम कानूनों के अनुसार दंडित करेगा। इसके अतिरिक्त RHI Magnesita क्षतियों और क्षतिपूर्तियों के लिए दावा करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

जबकि RHI Magnesita के कर्मचारियों के लिए इस आचार संहिता के विनियमों का अनुपालन करना आवश्यक है अनुपालन की जिम्मेदारी का एक बहुत महत्वपूर्ण भाग सभी स्तरों पर हमारे प्रबन्धन और कार्यकारी कर्मचारियों का है। अपने स्टॉफ और टीम सदस्यों के दैनिक परिचालनों में उन्हें मार्गदर्शन देना और उनकी निगरानी करना और उदाहरण के तौर पर तथा रोल मॉडल के तौर पर कार्य करना उनका पहला और सबसे प्रमुख कर्तव्य है।

इस आचार–संहिता को सही और संगत रूप से लागू करने व सुनिश्चित करने के लिए और वैश्विक रूप से RHI Magnesita में सभी लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अनुपालन अधिकारी , आतंरिक और बाहरी परीक्षण आवधिक मूल्याकंन करेगा और सुधार की संभावनाओं की पहचान करेगा।

इस आचार संहिता के बारे में (ग्राहकों , आपूर्तिकर्ताओं ,परामर्शदाताओं इत्यादि) RHI Magnesita के बारे में हमारे व्यवसायिक भागीदारों को सूचित करना हित में होगा जिनसे हमारी अपेक्षा है कि सभी समान अनुपालन मानकों का पालन करेगें।



# प्रश्न और सहायता

कुछ स्थितियों में हो सकता है कि यह पहली नजर में स्पष्ट नहीं हो कि कोई विशेष व्यवहार या कोई विशिष्ट कार्यवाही वैधानिक और नैतिक रूप से सही है या नहीं। कभी–कभी संगत और शर्त परिस्थितियों का विस्तृत स्पष्टीकरण आवश्यक होता है यदि इस आचार संहिता में बताए गए किसी भी नियम के बारे में आपके कोई प्रश्न है या यदि आप सुनिश्चित नहीं कि क्या आपके (नियोजित) निर्णय प्रक्रियाएं या अन्य गतिविधियां इसके अनुपालन में है तो अपने सुपरवाइजर से परामर्श ले या अनुपालन कार्यालय या कानूनी विभाग से राय लें–



# रिपोर्ट और शिकायतें — RHI Magnesita अनुपालन हेल्पलाइन

अनैतिक व्यवहार कभी भी मामूली अपराध नहीं होता है यदि आपको कानूनों और विनियमों के इस आचार संहिता से संबंधित या अन्य नीतियों से संबंधित किसी गंभीर उल्लंघन की जानकारी हो या इसका संदेह हो , तो घटना की रिपोर्ट करें – दर्शक नहीं बने रहें और उसे नजरअंदाज न करें।

एक सामान्य नियम के रूप में प्रश्नों, प्रस्ताव , समस्याओं और असंतोषों का स्पष्टीकरण पहले प्रत्यक्ष सुपरवाइजर द्वारा किया जा सकता है और किया जाएगा। हालांकि कुछ स्थितियों में हो सकता है कि यह प्रभावी नहीं हो या आप अपनी चिंताओं का समाधान व्यक्तिगत रूप से करने में असहज महसूस कर सकते है। यदि आपको नैतिक दुर्व्यवहार का पता चलता है तो रिपोर्ट करने में संकोच न करें। RHI Magnesita के कर्मचारियों का दायित्व है कि वे गंभीर मामलों की रिपोर्ट अनुपालन कार्यालय को करें।

RHI Magnesita अनुपालन हेल्पलाइन आपको संदिग्ध दुर्व्यवहार के मामलों की रिपोर्ट करने और किसी भी स्थान पर किसी भी समय सलाह प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। इसे People Intouch B.V., 1076 DE Amsterdam , Olympisch Stadion 41 , www.speakup.eu द्वारा संचालित किया जाता है जोकि एक स्वतंत्र और विशेषज्ञ सेवा प्रदाता है और यदि आप चाहे तो यह आपको पूरी तरह अनाम बने रहने की गारंटी देता है।

किसी घटना की रिपोर्ट करते विषयाधीन आकंड़ों का वर्णन करें और साथ ही सभी संगत परिस्थितियों का विवरण यथासंभ स्पष्ट और सटीक रूप से दें , हमें जितनी जानकारी प्राप्त होगी उतनी ही तेजी से हम प्रतिक्रिया कर सकेगें और भरोसेमंद ओर व्यवहारिक सलाह के साथ आपकी सहायता कर सकेगें। आपके द्वारा प्रदान की गई सभी जानकारी को गोपनीय माना जाएगा ओर यह सम्यक मूल्यांकन के विषयहीन होगी। कृपया यह समझें कि हम पर्याप्त जानकारी के बिना रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया नहीं कर सकेगें। ध्यान रखें कि अन्य लोगों के विरूद्ध धूर्ततापूर्ण संदेष या गलत आरोप न केवल अनैतिक होते है बल्कि दंड योग्य भी हो सकते है और इनसे स्थायी क्षति हो सकती है।

ऐसे व्यवहार की अनुमति दी जाती है और इससे अनुपालन हेल्पलाइन का गंभीर दुरूपयोग होता है।

आप टेलीफोन के माध्यम से या इंटरनेट पर **www.speakupfeedback.eu/web/7eswuk/** के माध्यम से वेब पोर्टल के माध्यम से अनुपालन हेल्पलाइन को आसानी से पहुँच सकते है।

आपके टेलीकॉक प्रदाता पर निर्भर करके हो सकता है कि निर्दिश्ट निःशुल्क फोन नंबर सभी आपरेटर्स के साथ कार्य न करें , अगर आप उन तक नहीं पहुंच सकते है तो कृपया उपलब्ध साझाकृत कास्ट नंबरों का या इसके बजाय वेब एक्सेस का उपयोग करें। अधिक जानकारी के लिए कृपया RHI Magnesita वेबसाइट पर या इंट्रानेट पर जाएँ।

वैकल्पिक रूप से आप अपनी चिंताएँ ईमेल से **compliance-helpline@rhimagnesita.com** पर भेज सकते है या यदि आप एक व्यक्तिगत चर्चा करना चाहते है तो अनुपालन कार्यालय से सीधे संपर्क करें और हमें आपकी सहायता करके खुशी होगी।

संपर्क विवरण
Gerhard Donner, Chief Compliance Officer
Wienerbergstrasse 9, 1100 Vienna, Austria
**T** +43 50213 6208 **F** +43 50213 6797
**E** compliance@rhimagnesita.com

| देश | निःशुल्क फोन नम्बर | एक्सेस बैंक |
|---|---|---|
| अर्जेंटीना | 08006660078 | 75742 |
| ऑस्ट्रिया | 800295175 | 57430 |
| बेल्जियम | 80071365 | 04823 |
| ब्राजील | 08008919678 | 11663 |
| कनाडा | 18668181239 | 14680 |
| चिली | 12300202775 | 99291 |
| उत्तरी चीन | 108007440179 | 42824 |
| दक्षिणी चीन | 108004400179 | 42824 |
| फ्रांस | 800908810 | 76983 |
| जर्मनी | 8001801733 | 49214 |
| हांगकांग | 800963161 | 56289 |
| भारत | 0008004401221 | 14091 |
| आयरलैंड | 1800552136 | 27172 |
| इटली | 800787639 | 81839 |
| लक्जमबर्ग | 80021048 | 44659 |
| मेक्सिको | 018001234618 | 22972 |
| नॉर्वे | 80018333 | 01436 |
| रोमानिया | 0800894540 | 29881 |
| रूस | 81080026269902 | 41365 |
| सिंगापुर | 18008232206 | 24528 |
| दक्षिण अफ्रीका | 0800991526 | 27643 |
| स्पेन | 900973174 | 67595 |
| स्वीडन | 020798813 | 01342 |
| स्विट्जरलैंड | 0800561422 | 56697 |
| तइवान | 00801444317 | 42191 |
| तुर्की | 00800448824369 | 91463 |
| यूक्रेन | 0800502206 | 15941 |
| यूनाइटेड किंगडम | 08001693502 | 55052 |
| सयुंक्त राज्य अमेरिका | 18662506706 | 31651 |
| वेनेजुएला | 08001005428 | 26006 |
| वियतनाम | 120852140 | 89088 |

तालिका वर्तमान में अतिरिक्त एक्सेस कोड को विस्तारित कर रही है शीघ्र ही प्रकाशित हो जाऐगा।




The driving
force of the
refractory industry

प्रकाशन:
मीडिया के मालिक और प्रकाशक: RHI MAGNESITA, RHI Feuerfest GmbH, Wienerbergstrasse 9, 1100 Vienna, Austria
मुद्रक: आर,चआई मैग्नेसिता - 03/2018-10-IN
मुद्रित व प्रकाशित का स्थान: वियना, ऑस्ट्रिया

सर्वाधिकार सूचना:
इस प्रकाशन में निहित ग्रंथ, फोटो और ग्राफ़िक डिजाइन संरक्षित हैं
कॉपीराइट। जब तक अन्यथा न दर्शाया गया, उपयोग के संबंधित अधिकार, विशेष रूप से अधिकार
प्रजनन, प्रसार, प्रावधान और संपादन, विशेष रूप से केवल आरएचआई मैग्नेसिता के अधिकार क्षेत्र में है।
इस प्रकाशन के उपयोग को केवल व्यक्तिगत जानकारी उद्देश्यों के लिए अनुमति दी जाएगी। कोई
इससे बाहर जाने का उपयोग, विशेष रूप से प्रजनन, संपादन, अन्य उपयोग या वाणिज्यिक
उपयोग आरआई मैग्नेसिता द्वारा स्पष्ट पूर्व लिखित मंजूरी के अधीन है।

**RHI MAGNESITA**
Gerhard Donner, Chief Compliance Officer
Wienerbergstrasse 9, 1100 Vienna, Austria
**T** +43 50213 6208 **F** +43 50213 6797
**E** compliance@rhimagnesita.com

**rhimagnesita.com**